चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दी वैज्ञानिकों को बधाई

***कोटा, 14 जुलाई, 2023:** चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्री बिरला ने शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र कोटा में स्थित लोक सभा कैंप कार्यालय में चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग देखी।

लॉन्चिंग के बाद श्री बिरला ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में यह भारत की एक अद्वितीय उपलब्धि है। इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा के दक्षिणी छोर पर पहुंचने का जो संकल्प लिया है, वह 140 करोड़ भारतवासियों की प्रार्थनाओं से अवश्य ही सिद्ध होगा। चंद्रयान-3 की सफलता भारतीय वैज्ञानिकों के लिए अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए द्वार खोल देगी। विश्व के वैज्ञानिकों को भी चंद्रमा और अंतरिक्ष से जुड़े रहस्यों को एक नई दृष्टिकोण से जानने का मौका मिलेगी। पूरी दुनिया आज चंद्रयान-3 की ओर बड़ी आशा भरी नजरों से देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में स्वयं को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित कर रहा है।